फैक्स

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मानवाधिकार/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर/ जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर।

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्या:– पीआरओ सैल–सरा0कार्य/2021 दिनॉकः जुलाई 21, 2021

---

## :: सराहनीय कार्य::

**जनपद मुजफ्फरनगर में थाना नई मण्डी पुलिस द्वारा दौराने पुलिस कार्यवाही 02 शातिर अभियुक्त घायल/गिरफ्तार, 01 अन्य अभियुक्त भी गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा मय 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 32 बोर, 02 तमन्चा मय 06 जिन्दा व 03 खोखा कारतूस 315 बोर एवं 01 सुपर स्पलेण्डर मोटरसाइकिल नं0 यू0पी0 20 बी0ए0 3823 बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में शातिर अवैध शस्त्र/मादक पदार्थ तस्कर/लुटेरे/चोर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतू चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत व पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नई मण्डी के कुशल पर्यवेक्षण एवं प्रभारी निरीक्षक श्री अनिल कुमार कपरवान थाना नई मण्डी के कुशल नेतृत्व मे दिनांक 20.07.2021 को उ0नि0 श्री मुकेश कुमार मय का0 1010 अरूण कुमार, का0 919 सौरभ कुमार के वास्ते देखरेख शान्ति व्यवस्था चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन,तलाश दबिश वांछित अपराधी व रोकथाम जुर्म–जरायम में रवाना होकर एस0डी0 कॉलेज पर चेंकिग कर रहे थे। तभी भोपा की तरफ से 01 मोटरसाइकिल पर सवार 03 व्यक्ति आते दिखायी दिये, जिन्हें पुलिस टीम ने चैकिंग हेतु रूकने का ईशारा किया तो नही रूके तथा मोटरसाइकिल को वापस मोडकर तेजी से भोपा अड्डे से बचनसिंह कालोनी की तरफ भागने लगे। जिनका पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया। उक्त सूचना जरिये वायरलैस कन्ट्रोल रूम व थाना नई मण्डी दी गयी। सूचना मिलते ही उ0नि0 श्री सचिन त्यागी मय का0 88 श्याम सुन्दर, का0 1707 अजय कुमार पचैण्डा पुलिया पर गहनता से चैकिंग करने लगे। तभी मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति पुलिस टीम को चैकिंग करते देख मोटर साइकिल को पचैण्डा रोड से ग्राम नसीरपुर रोड की तरफ मोडकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्तियों का पीछा किया गया। बदमाशों की मोटरसाइकिल नसीरपुर रोड पर तेज गति में होने के कारण घबडाहट में मोड पर फिसल कर गिर गयी। उक्त बदमाशों ने अपने आप को घिरा समझकर पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करके पैदल ही भागने लगे। बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग से पुलिस टीम बाल–बाल बची। पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म फायरिंग की तो कुछ समय बाद सडक के किनारे से करहाने की आवाज आयी। पुलिस टीम ने सिखलाये हुए तरीके से आगे बढकर देखा तो 02 बदमाशों के पैर में घुटने के नीचे खून बह रहा है तथा 01 बदमाश ईख के खेत की तरफ भागा जिसका पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया। घायल बदमाशों को प्राथमिक उपचार देकर जामातलाशी लेते हुए नाम व पता पूछा तो उन्होने अपना नाम **1.अरूण पुत्र सन्तू उर्फ ऋषिपाल निवासी ग्राम टिटौडा थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर 2. अक्षय उर्फ बलवन्त पुत्र देवेन्द्र सिंह निवासी बिरालसी थाना चरथावल जनपद मुजफ्फरनगर** बताया। कुछ देर बाद तीसरा अभियुक्त भी आवश्यक बलपूर्वक पकड लिया। जिसने अपना नाम **विकास पुत्र लल्लू सिंह निवासी ग्राम बदनौली थाना हापुड देहात जनपद हापुड** बताया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मुजफ्फरनगर भेजा गया।

दौराने पुलिस कार्यवाही घायल/गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से **01 तमंचा मय 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 32 बोर, 02 तमन्चा मय 06 जिन्दा व 03 खोखा कारतूस 315 बोर एवं 01 सुपर स्पलेण्डर मोटरसाइकिल नं0 यू0पी0 20 बी0ए0 3823** बरामद की गयी।

दौराने पुलिस कार्यवाही गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नई मण्डी पर मु0अ0सं0–338/21 धारा–307 भादवि बनाम 1–अरूण 2–अक्षय उर्फ बलवन्त एवं 3–विकास उपरोक्त, मु0अ0सं0–339/21 धारा–414 भादवि बनाम 1–अरूण 2–अक्षय उर्फ बलवन्त एवं 3–विकास उपरोक्त, मु0अ0सं0–340/21 धारा–3/25/27 आयुद्ध अधि0 बनाम अरूण उपरोक्त, मु0अ0सं0–341/21 धारा–3/25/27 आयुद्ध अधि0 बनाम अक्षय उर्फ बलवन्त उपरोक्त एवं मु0अ0सं0–342/21 धारा–3/25/27 आयुद्ध अधि0 बनाम विकास उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत किये गये। पजीकृत अभियोगों की विवेचना उ0नि0 श्री रामवीर सिंह द्वारा की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः–**

1. अरुण पुत्र सन्तु उर्फ ऋषिपाल निवासी ग्राम टिटौडा थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर। (घायल)
2. अक्षय उर्फ बलवन्त पुत्र देवेन्द्र निवासी ग्राम बिरालसी थाना चरथावल मु0नगर। (घायल)
3. विकास पुत्र लल्लू सिंह निवासी ग्राम बदनौली थाना हापुड देहात जनपद हापुड।

**बरामदगी का विवरणः–**

1. 01 तमंचा मय 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 32 बोर।
2. 02 तमंचा मय 06 जिन्दा व 03 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 01 मोटरसाइकिल सुपर स्पलेण्डर नं0 यू0पी0 20 बी0ए0 3823

**गिरफ्तार अभियुक्त अरूण उर्फ बलवन्त उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः–**

- मु0अ0सं0–641/11 धारा–392,411 भादवि थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–649/11 धारा–307 भादवि थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–680/11 धारा–392 भादवि थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–760/11 धारा–2/3 गैंगस्टर थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–1344/17 धारा–147,149,307,504,506 भादवि थाना खतौली जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–11/20 धारा–307 भादवि थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–12/20 धारा–3/25 आयुद्ध अधिनियम थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर।
- म0अ0सं0–13/20 धारा–420,414 भादवि थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–322/21 धारा–307 भादवि थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–338/21 धारा–307 भादवि थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–339/21 धारा–414 भादवि थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–340/21 धारा–3/25/27 आयुद्ध अधि0 थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।

**गिरफ्तार अभियुक्त अरूण उर्फ बलवन्त उपरोक्त का आपराधिक इतिहासः–**

- मु0अ0सं0–633/15 धारा–420,379,411 भादवि व 66 आईटी एक्ट थाना सदर बाजार जनपद सहारनपुर।
- मु0अ0सं0–322/21 धारा–307 भादवि थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–338/21 धारा–307 भादवि थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–339/21 धारा–414 भादवि थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।
- मु0अ0सं0–341/21 धारा–3/25/27 आयुद्ध अधि0 थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।

**गिरफ्तार करने वाली टीमः–**

- उ0नि0 श्री मुकेश कुमार थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।
- उ0नि0 श्री सचिन त्यागी थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 88 श्याम सुन्दर थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 1707 अजय कुमार थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 1010 अरूण कुमार थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।
- का0 919 सौरभ कुमार थाना नई मण्डी जनपद मुजफ्फरनगर।

नोट– गिरफ्तार अभियुक्तगण द्वारा दिनांक 09.07.2021 को थाना नई मण्डी क्षेत्र में मनोज गुप्ता को गोली मारकर घायल कर देने की घटना को अंजाम दिया था तथा आज भी झबरेडा में स्थित फाईनेंस बैंक में लूट की घटना कारित करने जा रहे थे। इससे पूर्व थाना देवबन्द क्षेत्र में दिनांक 29.06.2021 को मोटर साईकिल लूट की घटना को अंजाम दिया था। अभियुक्त अरुण उपरोक्त पर जनपद मु0नगर के थाना खतौली, छपार, नई मण्डी में लूट, गैंगेस्टर, हत्या के प्रयास व धोखाधडी के लगभग 01 दर्जन अभियोग पंजीकृत है तथा अन्य सभी के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

**नोटः– घायल/गिरफ्तार अभियुक्त अरूण एवं अक्षय उर्फ बलवन्त उपरोक्त शातिर किस्म के लुटेरे प्रवृति के अपराधी है। अभियुक्तगण द्वारा थाना क्षेत्र देवबन्द से मोटर साईकिल लूट की गयी थी, तथा थाना नई मण्डी में लाला मनोज गुप्ता को गोली मारकर घायल करने की घटना का जुर्म इकबाल किया गया है। अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।**

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

वरिष्ठ पलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर